दैनिक जागरण 10/9/2023

जीएमएन कालेज में मंच पर प्रस्तुति देती छात्रा। • सौजन्य विज्ञप्ति

जीएमएन कालेज में कार्यक्रमों का आयोजन

राजकीय कालेज अंबाला कैंट में टैलेंट शो के दौरान मौजूद विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

मंच पर कलाकारों का तालियों से हौसला बढ़ाया

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। इस में करीब सौ विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं को कराने का मकसद यूथ फेस्टिवल के लिए बच्चों को तैयार करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं, उनकी प्रतिभा को निखारती हैं। सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा.राजेंद्र देशवाल ने बताया कि आज का युवा बहुत अधिक प्रतिभाशाली है। उन्हें एक मंच चाहिए जिस पर आकर वह अपनी प्रतिभा को निखार सकें। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य में प्रतिभा दिखाई। छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गायन के रंगारंग कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बाँध दिया। गायन प्रतियोगिता में अश्वनीत सिंह, नूवंश दीप और रिया, कुणाल ने स्थान प्राप्त किए। इंस्ट्रूमेंटल में अंकुश प्रथम रहे। नृत्य प्रतियोगिता में पायल, पलक, निखिल ने बाजी मारी। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।